समाचार

शिविर में पहुंचकर उठाएं लाभ, पाएं समस्याओं का समाधान – महापौर

(08 जून को दर्री में लगेगा शिविर, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड के नागरिकों, पार्षदबंधुओं व एल्डरमेनगणों से शिविर में पहुंचने की अपील की)

कोरबा 06 जून 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दर्री जोन के समस्त वार्डो के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि 08 जून को दर्री में आयोजित होने जा रहे शिविर में वे अधिकाधिक संख्या में पहुंचे एवं शिविर का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं, शिकायतों का समाधान पाएं। उन्होने जोन के वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनगणों से भी अपील की है कि वे शिविर में अपनी उपस्थिति दें एवं जनसमस्याओं के निराकरण में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना '' सरकार तुहर द्वार '' कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वृहद समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत विगत 11 मई को कोरबा व टी.पी.नगर जोन के वार्डो के लिए तथा 25 मई को कोसाबाड़ी जोन, प.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्डो के लिए शिविर लगाए जा चुके हैं, इन दोनों शिविरों में हजारों की संख्या में समस्या का निराकरण किए जाने के साथ ही नागरिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा चुका है। इसी कड़ी में 08 जून को दर्री जोन के वार्ड क्र. 43 से वार्ड क्र. 53 एवं 55 के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक

विद्यालय दर्री में वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक संचालित होगा। यहॉ उल्लेखनीय है कि विगत दिनों महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दर्री जोन कार्यालय में वार्ड पार्षदों, एल्डरमेनगणों व अधिकारियों की बैठक लेकर शिविर की तैयारियों, प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण आदि की समीक्षा करते हुए वार्ड पार्षदों से अनुरोध किया था कि वे इस शिविर में अपना सक्रिय सहयोग दें ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें। महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड पार्षदों व एल्डरमेनगणों से पुनः आग्रह करते हुए कहा है कि वे 08 जून को शिविर में अवश्य पहुंचे तथा आमजन की समस्याओं व शिकायतों के निराकरण में अपनी सहभागिता दें। उन्होने दर्री जोन में स्थित वार्ड के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे शिविर में अधिकाधिक संख्या में पहुंचे, अपनी समस्याओं का समाधान पाएं तथा इसका लाभ प्राप्त करें।

शिविर में भी लिए जाएंगे आवेदन – वृहद समाधान शिविर के आयोजन के काफी दिनों पूर्व से ही नगर निगम कोरबा एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने डोर–टू–डोर भ्रमण कर लोगों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किया था, इन आवेदनों का शिविर तिथि से पूर्व ही संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर इसकी जानकारी लोगों को शिविर के दौरान दी जाएगी। इसके अतिरिक्त नागरिकों से उनकी समस्याओं व शिकायतों से संबंधित आवेदन पत्र शिविर स्थल पर भी लिए जाएंगे, इस हेतु शिविर में पृथक से काउंटर बनाया गया है, जहॉ पर नागरिक अपने आवेदन जमा करा सकेंगें, इन आवेदनों को पंजीकृत कर उनके संतुष्टिपूर्ण निराकरण की कार्यवाही संबंधित विभाग द्वारा त्वरित रूप से की जाएगी।

निगम सहित जिले के 21 विभागों के रहेंगे काउंटर – शिविर स्थल पर पृथक–पृथक कक्षों में नगर पालिक निगम कोरबा सहित जिले के 21 विभागों के काउंटर स्थापित होंगे, जहॉ पर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे, शिविर में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाईल मेडिकल यूनिट के कैम्प के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कक्ष में लोग अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच व बीमारियों का इलाज भी करा सकेंगे।